कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

प्रेस विज्ञप्ति (एल0एल0बी0 प्रवेश परीक्षा 2019)

प्रमाण पत्र जाँच

एल0एल0बी0 प्रवेश परीक्षा 2019 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन (Verification) का कार्य प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सांय 3 बजे तक दिनांक 22–07–2019 से 24–07–2019 तक विश्वविद्यालय के एस0एस0जे0 परिसर अल्मोड़ा स्थित विधि विभाग/संकाय में सम्पादित किया जायेगा। समस्त अभ्यर्थी उक्त केन्द्र में सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं अधिमान अंक हेतु मूल प्रमाण पत्र तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत प्रवेश परीक्षा की अंकतालिका प्रस्तुत करेंगे।

उपर्युक्त सत्यापन प्रक्रिया के उपरान्त ही अधिमान अंक जोड़कर अन्तिम योग्यता सूची जारी की जाएगी। जो अभ्यर्थी उपर्युक्त सत्यापन प्रक्रिया में उपस्थित नहीं होंगे उन्हें प्रवेश हेतु योग्यता सूची के निर्धारण में अधिमान अंकों का लाभ देय नहीं होगा।

दिनांक 24–07–2019 को सत्यापन प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरानत दिनांक 26–07–2019 को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kunainital.ac.in पर अंतिम योग्यता सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। तत्पश्चात दिनांक 27 से 30 जुलाई 2019 तक (रविवार को छोड़कर) योग्यता सूची के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी।

अभ्यर्थी अपने प्रमाण पत्रों के सत्यापन एवं प्रवेश प्रक्रिया का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाइट www.kunainital.ac.in से प्राप्त करें।

Rajeev 15/07/19

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक – गोपनीय/2019/भै.मा. दिनांकः 15–07–2019

प्रतिलिपि–

क– निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित की कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में दिनांक 16–07–2019 को निःशुल्क समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें –

दैनिक जागरण, नैनीताल।
अमर उजाला, नैनीताल।
हिन्दुस्तान, नैनीताल।
दैनिक आज, नैनीताल।
राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
उत्तर उजाला, नैनीताल।
शाह टाइम्स, नैनीताल।
उत्तरांचल दीप।
न्यूज प्रिंट, नैनीताल।

ख– निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।

Rajeev 15/07/19

परीक्षा नियंत्रक